दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...
● नई दिल्ली ।। बुधवार 21 अगस्त -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 311 पेज-16 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## कोलकाता रेप केस : अस्पताल और पुलिस को सुप्रीम कोर्ट ने लताड़ा




### नेशनल टास्क फोर्स का गठन

**नई दिल्ली:** कोलकाता में महिला डॉक्टर के साथ हुए रेप और मर्डर पर आज सुप्रीम कोर्ट ने ममता सरकार को खूब सुनाया। सीजेआई की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय बेंच ने राज्य सरकार का पक्ष रख रहे कपिल सिब्बल का सामने सवालों की बौछार कर दी। कोर्ट ने कड़े शब्दों में पूछा कि बॉडी आठ बजे रात को पैरेंट्स को दी गई और उसके बाद 11 बजकर 45 मिनट पर केस दर्ज क्यों हुआ? कोर्ट ने आगे पूछा कि क्या शुरूआत में मर्डर केस दर्ज नहीं किया गया? कॉलेज के प्रिंसिपल उस समय क्या कर रहे थे? उन्होंने एक्शन क्यों नहीं लिया? हैरानी की बात रही कि ज्यादातर सवालों को लेकर सिब्बल के पास भी जवाब नहीं था। कोर्ट ने इसके साथ एक नैशनल टास्क फोर्स का गठन किया है जिसकी अंतरिम रिपोर्ट तीन हफ्ते में देनी होगी। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई से 22 अगस्त को स्टेटस रिपोर्ट सौंपने को कहा है। जानिए आज इस केस की सुनवाई के दौरान कोर्ट में क्या-क्या हुआ-

कोलकाता केस पर सुनवाई के दौरान बड़ी बातें :

- 9 तारीख को रेप और मर्डर हुआ, इस क्राइम ने देश को झकझोर दिया
- प्राइवेसी डिगनिटी को तार तार किया और पीड़िता की पहचान को उजागर किया गया
- पैरेंट्स को आत्महत्या करने की बात कही गई, बाद में केस सीबीआई को ट्रांसफर हुआ
- देश भर में प्रदर्शन हुआ, प्रदर्शन के दौरान कई लोग अस्पताल में में घुसे और तोड़फोड़ हुई
- 17 अगस्त को देशव्यापी हड़ताल हुई, राज्य सरकार ने सुनिश्चित किया कि लॉ एंड ऑर्डर हो।
- राज्य सरकार तोड़फोड़ रोकने के लिए तैयार नहीं थी, डॉक्टर की सेफ्टी का सवाल उठा है
- मेडिकल पेशेवरों को टारगेट किया जा रहा है
- बिहार में घटना हुई.... हैदराबाद में घटना हुई, कई घटनाएं हुई हैं हाल में भी
- नर्स और डॉक्टर की सेफ्टी में सिस्टमैटिक फोल्योर हुआ है
- महिला सेक्सुअल वायलेंस की शिकार हुई है, इसीलिए शीर्ष अदालत चिंतित है और संज्ञान लिया है।
- संस्थान केस में अरुणा केस उदाहरण है
- सेक्सुअल वायलेंस गंभीर चिंता का विषय है
- सेफ्टी की चिंता सभी मेडिकल पेशेवर की चिंता है।
- सिर्फ डॉक्टर की बात नहीं है सिर्फ बल्कि देश हित में सभी मेडिकल स्टाफ की सेफ्टी सुनिश्चित करने की बात है
- संविधान समानता की बात करता है, कई स्टेट में कानून बना रखे हैं।
- ग्राउंड रियलिटी ये है कि मेडिकल प्रोफेशन्ल को खतरे में छोड़ दिया गया है
- जहां काम करते हैं और जहां रहते हैं वह बहुत खराब है
- कोई ट्रांसपोर्टेशन नहीं है, सीसीटीवी नहीं होता है
- पेशेंट और अटेंडेंट कहीं भी चले जाते हैं
- मेडिकल स्टाफ के लिए सपोर्टिव सिस्टम नहीं है

### सिब्बल ने कहा-जो आदेश होगा उसका पालन होगा

कोलकाता रेप मर्डर केस पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल ने अदालत को बताया कि लड़की के साथ जानवर से बदतर सलूक किया गया। इसपर कपिल सिब्बल ने चीफ जस्टिस ने पूछा कि प्रिंसिपल पर क्या किया जाए? सिब्बल ने कहा कि जो आदेश दिया जाएगा वह पालन होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने कोलकाता केस पर सुनवाई के दौरान सीबीआई को निर्देश दिया कि वह गुरुवार तक स्टेटस फाइल करे।




# विधानसभा उपचुनाव में शहर सीट हो गई है भाजपा के लिए सियासी रूप से उपयोगी

# 23 अगस्त को चुनावी समीक्षा करने आ रहे हैं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के शहर विधानसभा सीट पर उपचुनाव होना है। इस सीट पर भाजपा लगातार दूसरी बार चुनाव जीती। यहां से भाजपा के अतुल गर्ग लगातार दूसरी बार विधानसभा चुनाव जीते। भाजपा ने उन्हें लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाया और अतुल गर्ग चुनाव जीत कर सांसद बने। उन्होंने इस सीट से इस्तीफा दिया और उनके इस्तीफे के बाद से ये सीट रिक्त है। इस सीट पर उपचुनाव होना है। चुनाव की तिथि चुनाव आयोग घोषित करेगा। लेकिन भाजपा अपनी इस विनिंग सीट को लेकर गंभीर है। चुनाव दिसम्बर से पहले होना है और भाजपा इस सीट को सियासी रूप से उपयोगी मान रही है। संगठन की गंभीरता इसी से पता चल जाती है कि वो उपचुनाव में भी इस सीट पर जीत का ही संदेश देना चाहती है। शायद यही वजह है कि संगठन की दृष्टि से इस सीट पर चुनावी तैयारियों की समीक्षा करने स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ रहे हैं। लखनऊ में 20 अगस्त को सदस्यता अभियान को लेकर बैठक हुई और इसी बैठक में संगठन वालों को सूचना मिली कि गाजियाबाद की शहर विधानसभा सीट पर समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आ रहे हैं। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने अपनी फेसबुक पोस्ट पर भी मुख्यमंत्री के आने की बात को साझा किया। संगठन सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री यहां चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। वहीं लखनऊ वाले सूत्र बता रहे हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 23 अगस्त को गाजियाबाद में शहर विधानसभा सीट पर चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। सूत्रों की मानें तो जल निगम गेस्ट हाऊस में ये बैठक हो सकती है।




### कोर कमेटी के साथ करेंगे मुख्यमंत्री चुनावी तैयारी की समीक्षा

करंट क्राइम। अभी चुनाव आयोग को अधिसूचना जारी करनी है। भाजपा को उम्मीदवार घोषित करना है। लेकिन भाजपा चुनावी अधिसूचना और उम्मीदवार की सूचना से अलग अपनी तैयारी कर रही है। यहां भाजपा की रणनीति कमल के फूल को लड़ाना और कमल के फूल को जिताना की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जब 23 अगस्त को शहर विधानसभा उपचुनाव की भाजपा की तैयारियों की समीक्षा करेंगे तो ये बैठक भाजपा की कोर कमेटी के साथ होगी। इस बैठक में कोर कमेटी के सभी सदस्य मौजूद रहेंगे। माना जा रहा है कि यहां पर चुनावी टीम के नामों से लेकर उम्मीदवारों के नामों पर भी चर्चा होगी और इस बैठक में ही चुनावी रणनीति फाईनल हो जायेगी।

### भाजपा ने उतारे तीन मिनिस्टर तो विपक्ष का मनोबल भी उच्च स्तर पर

करंट क्राइम। शहर विधानसभा सीट पर भाजपा लगातार दो बार कमल का फूल खिला चुकी है। ये उसकी विनिंग सीट है और अब उपचुनाव में भाजपा अपनी पूरी तैयारियों के साथ आ रही है। भाजपा इस उपचुनाव को गंभीरता से ले रही है और इसका पता इसी बात से चलता है कि उसने एक विधानसभा सीट पर अपने तीन मंत्रियों को कमान संभालने के लिए उतारा है। खुद मुख्यमंत्री चुनावी तैयारियों की समीक्षा करने केलिए आ रहे हैं। वही बताया ये जाता है कि लोकसभा चुनावों के नतीजे के बाद विपक्ष का मनोबल भी उच्च स्तर पर है। यहां कांग्रेस और सपा गठबंधन ने मिलकर चुनाव लड़ा और वो चुनाव भले ही हार गये हों लेकिन उनका वोट प्रतिशत बढ़ा है। विपक्ष भी इस समय अपने उच्च स्तर वाले मनोबल के साथ मैदान में हैं। वो जीत की रणनीति भी बना रहे हैं। वहीं भाजपा भी अपने मंत्रियों और मुख्यमंत्री के साथ मैदान में आ रही है।

# भारत बंद को लेकर कई संगठन एक्टिव

# कमिश्नरेट पुलिस ने बनाया सुरक्षा का पूरा प्लान

### देहात से लेकर नदियापार तक रहेगी पुलिस फोर्स की तैनाती और ड्रोन की निगरानी

### जिला मुख्यालय, पुलिस ऑफिस और पुराने बस अड्डे पर अधिक फोकस

### अधिकारियों की सोशल मीडिया पर भी रहेगी निगरानी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सुप्रीम कोर्ट के आरक्षण को लेकर दिए गए फैसले को लेकर आज 21 अगस्त को भारत बंद बुलाया गया है। आरक्षण बचाओ संघर्ष समिति व विभिन्न संगठनों में इस बंद का आवाहन किया है। खासतौर पर बहुजन समाज पार्टी ने इसका समर्थन किया है। तो वहीं आजाद समाज पार्टी और अन्य विपक्षी दलों पर भी पुलिस, खुफिया विभाग और प्रशासन नजर रखने का काम करेगा। अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के तीनों जोन के लिए लखनऊ से अलर्ट वाला पत्र जारी किया गया है। साथ ही पर्याप्त संख्या में पुलिस बल के साथ निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। कहीं पर भी कानून व्यवस्था की स्थिति पैदा ना हो, इसका भी ध्यान रखने की निर्देश जारी किए गए। एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी का कहना है कि भारत बंद को देखते हुए डीसीपी स्तर के अधिकारियों को अपने जोन पर अधिक फोकस रखने का निर्देश दिया गया है। वहीं मंगलवार को सुरक्षा व अन्य तैयारियों को लेकर बैठक भी की गई थी।






### पुलिस मुख्यालय, बॉर्डर और कलेक्ट्रेट पर रहेगी अतिरिक्त फोर्स, ड्रोन से रखी जाएगी नजर

करंट क्राइम : एससी-एसटी आरक्षण के वर्गीकरण के पक्ष में सुनाए गए फैसले को लेकर बुधवार को बहुजन समाज पार्टी के साथ ही आजाद समाज पार्टी और कई अन्य संगठनों ने विरोध प्रदर्शन और भारत बंद की अपील की गई है। इसको ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नरेट के ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन के अंतर्गत आने वाले दूसरे राज्य व शहरों के बॉर्डर पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। इसके साथ ही ड्रोन कैमरे से भी पुलिस हालात पर नजर बनाने का काम करेगी। वहीं जिला मुख्यालय, पुलिस ऑफिस, पुराना बस अड्डा और रेलवे स्टेशन पर भी अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगी ताकि किसी भी स्थान पर टकराव या किसी प्रकार के हंगामे की स्थिति ना बने।

### थाना प्रभारियों को करानी होगी वीडियो रिकॉर्डिंग



करंट क्राइम : पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि भारत बंद के आवाहन के मद्देनजर बुधवार को पुलिस के थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्र में होने वाले प्रदर्शन, ज्ञापन और विरोध प्रदर्शन की पूरी वीडियो रिकॉर्डिंग करनी होगी ताकि हर गतिविधि के पुलिस के पास साक्ष्य मौजूद रहे। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सिटी ट्रांस हिंडन और ग्रामीण जोन के अंतर्गत आने वाले सभी सर्किल अधिकारियों को भी पूरी तरीके से फील्ड में एक्टिव रहने का आदेश दिया गया है।

### बसपा अध्यक्ष ने की शांतिपूर्वक बंद की अपील




करंट क्राइम : बहुजन समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष दयाराम सेन ने बाकायदा पत्र जारी करते हुए पार्टी पदाधिकारी और संगठन के लोगों से अपील की है कि माननीय उच्च न्यायालय ने एससी-एसटी आरक्षण के वर्गीकरण के पक्ष में अपना फैसला सुनाया है। इसको लेकर आंदोलन में बहुजन समाज साथ रहेगा साथ ही बहन कुमारी मायावती के निर्देश और पार्टी के सभी कार्यकर्ता अनुशासन में रहकर राष्ट्रपति को ज्ञापन सौंपेंगे। इसमें किसी तरह की उपद्रव या तोड़फोड़ में शामिल नहीं होना है। पत्र में यह भी कहा गया है कि हम सब बाबा साहब, कांशीराम और बहन जी के अनुशासित सिपाही हैं। इसीलिए इस प्रकार का कुछ काम नहीं करना है जिससे छवि खराब हो।

### पुलिस और खुफिया तंत्र एक्टिव, आंदोलन करने वालों को लिया जा सकता है हिरासत मे



करंट क्राइम : पुलिस सूत्रों से जानकारी मिली है कि कुछ ऐसे आंदोलनकारी नेता हैं, जो माहौल खराब करने की स्थिति में रहते हैं। बुधवार को भारत बंद के मद्देनजर कुछ ऐसे चेहरों को पुलिस हिरासत में लेने का काम भी कर सकती है ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे और किसी प्रकार का उपद्रव या हंगामा न होने पाए।

# रक्षाबंधन की खुशियों को तस्वीरों के साथ पाठकों ने साझा किया करंट क्राइम परिवार के साथ

गाजियाबाद, करंट क्राइम। दैनिक करंट क्राइम हमेशा से इस बात पर जोर देता आया है कि हम केवल एक अखबार नहीं हैं। हम एक सामाजिक सरोकार भी हैं और दैनिक करंट क्राइम लाखों पाठकों का एक परिवार भी है। एक ऐसा परिवार जहां समाचार के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों को भी जोड़कर चलते हैं। हम अपने पाठकों की खुशियों में शामिल होते हैं। उनके हर सुख दुख में शरीक होते हैं। ये हमारी विचारधारा है और हमारे कॉलम जन्मदिन से लेकर पोस्ट ऑफ द डे और स्पेशल विश में यह विचारधारा परिलक्षित होती है। रक्षाबंधन पर्व की खुशियों को हमने अपने पाठकों के साथ साझा किया और हमारा उत्साह उस समय कई गुना बढ़ गया जब हमारे पाठक परिवार ने अपनी खुशियों को पूरे उत्साह के साथ दैनिक करंट क्राइम में साझा किया है। हर बार की तरह दैनिक करंट क्राइम अखबार को अपने लाखों पाठकों वाले परिवार का प्यार मिला है। रक्षाबंधन की खुशियों को पाठक परिवार ने करंट क्राइम परिवार के साथ साझा किया है। करंट क्राइम ने अपने पाठकों के इस स्नेह को सहर्ष स्वीकार करते हुए सभी तस्वीरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है। ये तस्वीरें केवल समाचार नहीं है बल्कि ये एक परिवार भी हैं। खुशियों को आपस में बांटने का जरिया भी है। हमारे पाठकों ने जो विश्वास हम पर जताया है उसके लिए हम अपने पाठकों का आभार व्यक्त करते हैं।



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। सवी डेढ़ा ने सबसे पहली राखी अपने भाई पृथ्वी डेढ़ा को बांधी।





गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गुप्ता परिवार में, संजीव कुमार गुप्ता और राजीव गुप्ता को बहनों ने बांधा रक्षासूत्र।



एसीपी रितेश त्रिपाठी ने बहन के साथ रक्षाबंधन मनाते हुए



स्नेह गुप्ता, रमन गुप्ता



इंटरनेशनल क्रिकेटर सुरेश रैना अपनी बहन रेनू व भाई मुकेश दिनेश और नरेश रैना के साथ

रक्षाबंधन की खुशियों को देखें और भी तस्वीरों के जरिए अंदर के पृष्ठों पर

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...









## वॉटर क्रेडिट को लेकर आया कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का बयान, कहा-

# पानी देना सरकार का काम और पानी को बांटना नगर पालिका का काम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** खोड़ा नगर पालिका क्षेत्र में अभी पानी आना है लेकिन इस पानी को लेकर क्रेडिट की जंग जारी है। आभार वाली बात पर ही सरकार वालों ने कुछ कहा और विपक्ष वालों ने कुछ कहा। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा ने खोड़ा में वॉटर आगमन को लेकर सारा क्रेडिट गाजियाबाद के पूर्व लोकसभा सांसद और पूर्व केन्द्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह को दिया। पूर्व विधायक अमरपाल शर्मा की पत्नी मोहिनी शर्मा खोड़ा नगर पालिका चेयरमैन हैं। पूर्व विधायक के क्रेडिट प्रदान के बाद कैबिनेट मंत्री और साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा का बयान आया। सुनील शर्मा ने किसी का नाम नहीं लिया और कहा कि जनरल वीके सिंह भाजपा के नेता हैं वो सांसद रहे हैं और जहां तक श्रेय की बात है तो इसका पहला श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को जाता है। दूसरा श्रेय उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को जाता है जिन्होंने इस प्रोजेक्ट के लिए 182 करोड़ पास किये और तीसरा श्रेय विभाग के मंत्री एके शर्मा और अधिकारियों को जाता है। चौथा श्रेय खोड़ा की जनता को जाता है। रही बात हमारी तो हम खोड़ा की जनता की आवाज हैं और हमें किस बात का श्रेय, हम तो जनता की आवाज हैं।



### पानी देने का काम सरकार का है और उसे बांटने का काम नगर पालिका का

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि पानी का श्रेय भाजपा के पूर्व सांसद जनरल वीके सिंह को मिले या मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मिले, ये विषय नहीं है क्योंकि ये भाजपा सरकार की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि वो लोग सोचें जो झूठ बोलते हैं कि हम पानी ला देंगे। उन्हेंाने कहा कि पानी देने का काम नगर पालिका का नहीं है। पानी देने का काम सरकार का है और नगर पालिका का काम सरकार के दिये पानी को जनता में वितरित करने का है। हम सरकार में हैं इसलिए ये हमारा दायित्व है और फिर दोहरा रहे हैं कि पानी हम ही देंगे ये हमारा काम है। जिन लोगों ने ये झूठ बोला कि छह महीने में पानी आ जायेगा। वो खुद विचार करें।

### वो काम तो करें उन्हें किसने काम करने से रोका है

करंट क्राइम। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने वॉटर क्रेडिट पर अपनी बात रखी और कहा कि ये सरकार की उपलब्धि है और ये सरकार की जिम्मेदारी है। रही बात हमारी तो हम खोड़ा की जनता की आवाज हैं और इसमें हमारी भी भागीदारी है। उन्होंने कहा कि जिसका जो काम है वो करे और वो यह कह रहे हैं कि हमें काम नहीं करने दिया जा रहा है तो हम ये जानना चाहते हैं कि उन्हें किसने काम करने से रोका है। किस काम को करने से रोका है। तुम्हें 70 टैंकर दिये हैं। उनसे सुबह शाम जल वितरण कराओ। खोड़ा के लोगों को मकान नंबर मिले, इस काम को करो और कोई रोक रहा हो तो बताओ। खोड़ा की जनता को पुलिया चाहिए, तो नगर पालिका पुलिया बनाये। हम रोक रहें हैं तो बतायें। सबको अपना काम करना चाहिए।

# एक सितंबर से शुरू हो रहा है भाजपा का संगठन महापर्व सदस्यता अभियान

## हर पार्षद को लगवानी होंगी एक हजार मिस्ड्कॉल




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भाजपा के बारे में ये कहा जाता है कि ये पार्टी लगातार वर्ष भर चुनाव लड़ती हैं। चुनाव कभी भी हो भाजपा की चुनावी तैयारियां हमेशा जारी रहती हैं। भाजपा अपने नेटवर्क के साथ काम करती हैं। भाजपा की केन्द्र में सरकार है और भाजपा की प्रदेश में सरकार है। निकट भविष्य में कोई ऐसा चुनाव भी नहीं होना है जिससे सरकार बननी है लेकिन भाजपा अपनी तैयारियों को धार दे रही है। वो अपने कार्यकर्ता परिवार का विस्तार कर रही है। भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू होने जा रहा है। भाजपा अपना सदस्यता अभियान लेकर आ रही है। भाजपा का सदस्यता अभियान एक सितंबर से शुरू हो रहा है और इस सदस्यता अभियान में क्षेत्रीय पार्षदों को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। प्रत्येक पार्षद को अपने वार्ड क्षेत्र में एक हजार मिसकॉल लगवानी हैं। मंगलवार को सदस्यता अभियान को लेकर लखनऊ में एक महत्वपूर्ण मीटिंग हुई। भाजपा का सदस्यता अभियान शुरू हो रहा है और इस सदस्यता अभियान के साथ भाजपा अपने कुनबे का विस्तार करने जा रही है।

### हर बूथ पर बनाये जायेंगे 200 नए भाजपा सदस्य

**करंट क्राइम।** भाजपा सदस्यता अभियान के जरिए अपनी ताकत को बढ़ा रही है। भाजपा ने सदस्यता अभियान में संगठन के साथ साथ जन प्रतिनिधियों को भी लिया है। उसने अपने नगर निगम पार्षदों को भी सदस्यता अभियान से जोड़ा है ।पार्षदों को जहां मिसकॉलें लगवानी हैं वहीं बूथ पर भी टारगेट तय हो गया है। हर बूथ पर भाजपा 200 नए सदस्य बनायेगी। नए सदस्य बनाने का टारगेट तय किया गया है।

### 24 अगस्त को गाजियाबाद में होगी कार्यशाला

**करंट क्राइम।** सदस्यता अभियान को लेकर भाजपा पूरी तैयारियों के साथ है। अभियान एक सितंबर से शुरू होगा लेकिन अभियान की तैयारियां पहले से शुरू हो जायेंगी। 24 अगस्त को गाजियाबाद में संगठन महापर्व महाअभियान की कार्यशाला होगी। इस कार्यशाला में एक सितंबर से शुरू होने वाले अभियान को लेकर रणनीति तैयार होगी।

# 20 सेंटरों पर होगी गाजियाबाद में पुलिस भर्ती पुन: परीक्षा

## सुरक्षा का रहेगा पुख्ता पहरा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में 22 अगस्त से लेकर 31 अगस्त के बीच पुलिस भर्ती के लिए पुनः परीक्षा होनी है। इस परीक्षा की तैयारियों को लगातार पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में प्रबंधन और तैयारी की जा रही है। पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार गाजियाबाद में पुलिस परीक्षा के लिए 20 केंद्र निर्धारित किए गए हैं। जहां लगभग 8200 से अधिक छात्र अलग-अलग पारी में परीक्षा देंगे। कमिश्नरेट के अंतर्गत बनाए गए इन सभी 20 परीक्षा केंद्रों को सीसीटीवी की निगरानी में रखने के साथ ही यहां ऐसी सुविधा रहेगी कि मोबाइल फोन काम ना कर सकें। इसके साथ ही यहां बड़ी संख्या में पुलिस बल और सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। परीक्षा की तैयारियों के संबंध में मंगलवार को भी एडिशनल सीपी दिनेश कुमार पी ने गाजियाबाद के पुलिस अधिकारियों की एक बैठक ली है। जिसमें उनको आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

## 8200 से अधिक छात्र देंगे दो पारियों में परीक्षाएं




### प्रत्येक जोन में है परीक्षा केंद्र

**करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण, सिटी और ट्रांस हिंडन तीनों ही जोन में पुलिस परीक्षा के केंद्र बनाए गए हैं। इन केंद्रों का अधिकारियों ने पहले ही निरीक्षण कर लिया है। साथ ही यहां बड़ी संख्या में जो पुलिस बल लगाए जाना है, उसका ड्यूटी चार्ट भी भेज दिया गया है।

### छात्रों को मिलेगी निशुल्क बस सेवा

**करंट क्राइम।** परिवहन निगम की रोडवेज बसों में पुलिस भर्ती अभ्यर्थी निशुल्क यात्रा कर सकेंगे। 22 अगस्त से एक सितंबर तक यह सुविधा मिलेगी। इसके लिए परिवहन निगम ने सभी डिपो को आदेश जारी कर दिए हैं। अभ्यर्थी भर्ती परीक्षा का प्रवेश पत्र देकर निशुल्क यात्रा कर सकेंगे। परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक केसरी नंदन ने बताया कि 23 अगस्त से शुरू होने वाली परीक्षा के लिए 22 अगस्त से अभ्यर्थी आने लगेंगे। परीक्षा 31 अगस्त तक चलेंगी। अभ्यर्थियों के लिए 22 से 26 अगस्त और 29 अगस्त से एक सितंबर तक बसों में निशुल्क सेवा रहेगी। नोडल अधिकारी गौरव पांडेय ने अधिकारियों के साथ बैठक कर किसी तरह की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए। एआरएम शिव बालक ने बताया कि जरूरत पर दूसरे रीजन से बसें मंगाई जाएंगी। इस दौरान सभी अधिकारियों-कर्मचारियों की छुट्टी निरस्त कर दी गई हैं।

### सुरक्षा का रहेगा पर्याप्त प्रबंध, कैमरों से होगी निगरानी



**करंट क्राइम।** डीसीपी सिटी जोन और परीक्षा के नोडल प्रभारी राजेश कुमार ने जानकारी दी है कि प्रश्न पत्र और उत्तर पुस्तिकाएं ले जाते समय पुलिस बल साथ में मौजूद रहेगी। साथ ही हर परीक्षा केंद्र और प्रश्न पत्र व उत्तर पुस्तिका रखने वाले स्थानों पर भी कैमरा लगाया गया है। साथ ही वहां बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स की तैनाती भी की गई है।

# 75 टू-स्टार के लिए आई राहत वाली खबर

## 63 भेजे गए लाइन से बाहर, तो 12 साइबर क्राइम थाना

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में मंगलवार का दिन लगभग 75 पुलिस के उपनिरीक्षकों के लिए लक्की रहा। जिसमें से 63 उप निरीक्षक वह हैं जो लंबे समय से लाइन हाजिर का शिकार थे, उन्हें लाइन से बाहर का रास्ता दिखाते हुए अलग-अलग जोन में तैनाती दी गई है। अधिकारियों का कहना है कि आगामी पुलिस परीक्षा और जन्माष्टमी के त्यौहार के मद्देनजर बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों को अलग-अलग जोन अलॉट किया गया है ताकि वह सुरक्षा की कमान संभाल सके। इसके साथ ही 11 उपनिरीक्षकों व एक निरीक्षक को थाना साइबर क्राइम में भेजा गए हैं, जो अलग-अलग थानों में तैनात चल रहे थे।

### पुलिस परीक्षा और जन्माष्टमी त्यौहार को लेकर दिया गया आदेश




### ग्रामीण जोन में भेजे गए सबसे ज्यादा उप निरीक्षक

**करंट क्राइम।** मंगलवार को जो लिस्ट जारी की गई है उसमें सबसे ज्यादा लाइन से उप निरीक्षक ग्रामीण जोन में 30 भेजे गए हैं। तो वहीं सिटी जोन में 16 और ट्रांस हिंडन जोन के लिए 17 उप निरीक्षकों को लाइन से जोन का रास्ता दिखाया गया है।

### इनको भेजा गया थाना साइबर क्राइम

**करंट क्राइम।** मंगलवार को निरीक्षक गिरिराज को थाना साइबर क्राइम के साथ उपनिरीक्षक अनुज शर्मा, शिव ओम पांडे, सर्वेश यादव, अंकुर शर्मा, पुष्पेंद्र, सुमित कुमार सिंह, मयंक, सुमित चौधरी, त्रिवेंद्र प्रताप सिंह, अरुण कुमार व प्रेम कुमार को थाना साइबर क्राइम भेजा गया है।

# क्यों पुलिस कमिश्नरेट में महिला अपराधों पर नहीं लग रहा है अंकुश

## 24 घंटे में पांच थानाक्षेत्रों से मामले आए सामने, कहीं छेड़छाड़, तो कहीं दुष्कर्म और कहीं ब्लैकमेलिंग में आत्महत्या

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** देशभर में इन दिनों महिलाओं की सुरक्षा और उनके साथ हो रहे अपराधों के मामले की चर्चा हो रही है। तो पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीते 24 घंटे के दौरान पांच थानाक्षेत्रों में बालिकाओं व महिलाओं के साथ सनसनीखेज वारदातों और अपराध की जानकारी सामने निकल कर आई है। इसमें देहात और नदियापार के थानाक्षेत्र के मामले सामने आए हैं। मोदीनगर में जहां बॉल खरीदने गई बच्ची को फेरीवाला अगवा करके ले गया। तो वहीं भोजपुर थानाक्षेत्र में एक लड़की का तीन लोगों ने रास्ता रोकने का अपराध किया। खोड़ा में ब्लैकमेलिंग से तंग आकर युवती ने अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

इस मामले में पुलिस ने आरोपी नितेश निषाद को गिरफ्तार किया है। वह पीड़िता की छोटी बहन के नाम पर उसे ब्लैकमेल कर रहा था। वहीं अंकुर विहार में 13 साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने दिलराज नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है। इसी के साथ मसूरी थानाक्षेत्र में किशोरी के साथ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है।

आरोपी अपने चाचा के घर किशोरी को लेकर गया, जहां उसके साथ गलत हरकत की गई। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में बीते 24 घंटे के दौरान एक के बाद एक थानाक्षेत्र की यह घटनाएं बता रही है कि भले ही कोलकाता में चिकित्सक की दुष्कर्म की बाद हत्या और मुंबई और अन्य शहरों में महिला अपराध को लेकर तमाम विरोध और प्रदर्शन हो रहे हो लेकिन स्थिति अभी भी ऐसी ही बनी हुई है।

## पुलिस ने मुकदमे दर्ज कर दो आरोपी लिए हिरासत में, पूछताछ जारी

### मामला-एक
### मोदीनगर में बॉल खरीदने गई बच्ची को अगवा कर छेड़छाड़




**करंट क्राइम।** मोदीनगर में 10 साल की बच्ची बॉल खरीदने के लिए घर से बाहर गई थी। इसी दौरान एक फेरीवाला व्यक्ति उसे अपने साथ अगवा करके सिखेड़ा के जंगलों में ले गया। उसके साथ छेड़छाड़ की और फिर उसे छोड़कर फरार हो गया। इस इस मामले में हिंदू संगठनों ने भी आक्रोशित होकर थाने में शिकायत दी और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस लगातार दबिश देने का काम कर रही है। एसीपी ज्ञान प्रकाश का कहना है कि इस मामले में मोदीनगर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### मामला-दो
### दंबगों ने घर जा रही लड़की का रास्ता रोका



**करंट क्राइम।** भोजपुर थानाक्षेत्र के अंतर्गत घर जा रही एक लड़की द्वारा तीन लोगों ने उसका रास्ता रोका। बताया जा रहा है की लड़की घेर से घर की ओर जा रही थी। इसी दौरान इलाके के तीन लोगों ने उसका रास्ता रोका और उसके साथ गलत हरकत करने का प्रयास किया। लड़की ने विरोध किया और वह मौके से फरार हो गई। इस मामले में परिजनों की ओर से पुलिस को शिकायत दिए गई है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए इस पूरे मामले की पड़ताल शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द इस मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### मामला- तीन
### खोड़ा में ब्लैकमेलिंग की शिकार युवती ने की आत्महत्या, छोटी बहन पर डालता था गंदी नजर



**करंट क्राइम।** खोड़ा इलाके में रहने वाली एक युवती ने अपने ही घर के वॉशरूम में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या के इस मामले में पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने वाले आरोपी नितेश को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी युवक का मृतका के साथ रिलेशन था और वह उसकी छोटी बहन पर भी गंदी नजर रखता था। इसके लिए ब्लैकमेलिंग करता था, आरोप है इसी वजह से आहत होकर युवती ने आत्महत्या कर ली। पुलिस को मृतिका के मोबाइल से कई महत्वपूर्ण रिकॉर्डिंग और वीडियो कॉल के सबूत मिले हैं। जिससे साफ हुआ है कि आरोपी नितेश उसको और उसकी बहन को लंबे समय से ब्लैकमेल कर रहा था। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर अन्य वैधानिक कार्रवाई शुरू करती है। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र सिंह का कहना है कि इस मामले में पुलिस जल्द से जल्द केस फाइल करेगी ताकि आरोपी को सजा दिलवाई जा सके।

### मामला - चार
### अंकुर विहार में 13 वर्षीय लड़की से दुष्कर्म



**करंट क्राइम।** ग्रामीण जोन के अंतर्गत आने वाले अंकुर विहार थानाक्षेत्र में एक 13 वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी दिलराज को गिरफ्तार कर लिया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने 13 वर्षीय लड़की को अपना शिकार बनाया था। एसीपी अंकुर विहार भास्कर वर्मा का कहना है कि आरोपी दिलराज को गिरफ्तार कर लिया गया है। साथ ही घटना के संबंध के सभी इलेक्ट्रिक और टेक्निकल एविडेंस जुटाए जा रहे हैं।

### मामला 5
### चाचा के घर ले जाकर आरोपी ने की छेड़छाड़



**करंट क्राइम।** मसूरी थानाक्षेत्र में रहने वाली एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ और दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी और पीड़ित दोनों दूसरे को कई महीनों से जानते थे। बताया जा रहा है कि आरोपी किशोरी को अपने चाचा के घर ले गया, जहां उसके साथ उसने इस कृत्य को अंजाम दिया। इस मामले में एसीपी मसूरी नरेश कुमार का कहना है कि आरोपी को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ की जा रही है। वहीं लड़की का मेडिकल कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### महिला अपराध की गाजियाबाद में स्थिति

| वर्ष 2022-23 | |
|---|---|
| दहेज हत्या | 41 |
| दुष्कर्म | 85 |
| शीलभंग | 175 |
| अपहरण | 46 |
| छेड़खानी | 16 |
| उत्पीड़न | 667 |
| कुल मामले | 1000 |

| वर्ष 2023-2024 | |
|---|---|
| दहेज हत्या | 25 |
| दुष्कर्म | 104 |
| शीलभंग | 159 |
| अपहरण | 31 |
| छेड़खानी | 07 |
| उत्पीड़न | 451 |
| कुल मामले | 774 |

## संपादकीय

# हादसों की रेल और मुसाफिरों की सुरक्षा, खतरे में है 'आपकी यात्रा मंगलमय हो' का भरोसा

अब तो रेल हादसे जैसे आए दिन की बात हो गए हैं। पिछले दो महीने में शायद ही कोई हफ्ता बीता हो, जब कहीं न कहीं कोई बड़ी रेल दुर्घटना न हुई हो। शुक्रवार और शनिवार की दरम्यानी रात को साबरमती एक्सप्रेस के बाईस डिब्बे पटरी से उतर गए। गनीमत है, उसमें कोई हताहत नहीं हुआ। हादसा कानपुर के पास रात के करीब ढाई बजे हुआ, जब गाड़ी में ज्यादातर लोग सो रहे थे। ट्रेन चालक का कहना है कि इंजन किसी भारी चीज से टकराया, वह जब तक गाड़ी रोकता, डिब्बे पटरी से उतर चुके थे। तस्वीरों में साफ देखा जा रहा है कि इंजन के आगे जानवरों आदि से सुरक्षा के लिए लगा लोहे का हिस्सा टकरा कर टूट चुका है। समझना मुश्किल है कि इतना भारी पत्थर रेल की पटरियों पर आया कैसे। अगर कोई पहाड़ी इलाका होता, तो माना जा सकता था कि ऊपर से खिसक कर पत्थर वहां आ गया होगा। खैर, सच्चाई तो जांच के बाद पता चलेगी, पर असल सवाल जस का तस बना हुआ है कि आखिर रेल सुरक्षा को लेकर कब मुसाफिरों में भरोसा बन सकेगा।

वर्षों से ट्रेनों में टक्कररोधी उपकरण लगाने और पटरियों को अधिक सुगम बनाने की योजना पर काम चल रहा है। वर्तमान सरकार ने कवच नामक उपकरण विकसित किया, जिसे लगाने के बाद गाड़ियों में हादसों की आशंका शून्य होने का दावा किया जाता रहा है। मगर अभी तक यह प्रणाली कुछ ही जगहों पर लग पाई है। ट्रेनों के संचालन को कंप्यूटरीकृत करने पर जोर है, बहुत सारे रास्तों पर यह काम भी करता है। मगर कई हादसों में देखा जा चुका है कि सिग्नल प्रणाली ठीक से काम न करने की वजह से गाड़ियां आपस में टकरा गईं, तो कहीं किसी गाड़ी को गलत पटरी पर रवाना कर दिया गया।

एक ही पटरी पर दो विपरित दिशाओं से गाड़ियों के आने के भी उदाहरण हैं। गाड़ियों के पटरी से उतरने की वजहें छिपी नहीं हैं। यात्रियों का दबाव कम करने के मकसद से हर वर्ष कुछ नई गाड़ियां चला दी जाती हैं। त्योहारों के वक्त विशेष गाड़ियां भी चलाई जाती हैं। फिर, माल ढुलाई के लिए रेल यातायात पर दबाव लगातार बढ़ता गया है। मगर पटरियों की क्षमता का आकलन ठीक से नहीं किया जाता। देश की ज्यादातर पटरियां अपनी क्षमता से अधिक भार वहन कर रही हैं। ऐसे में दबाव पड़ने से उनमें टूटन स्वाभाविक है।

पिछले वर्षों में रेलवे स्टेशनों को चमकाने पर जोर तो खूब दिया गया। इसमें निजी कंपनियों को भी शरीक किया गया। रेल भाड़े में बढ़ोतरी की गई, वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाली छूट समाप्त कर दी गई। इस तरह रेलवे का मुनाफा बढ़ाने का हर प्रयास किया गया। मगर रेल सुरक्षा के मामले में स्थिति दयनीय बनी हुई है। अब भी रेलों में महिलाओं के साथ दुष्कर्म, चोरी और लूट जैसी घटनाएं रुक नहीं पाई हैं। रेलों के समय पर न पहुंचने को तो जैसे लोगों ने सहज स्वीकार कर लिया है।

मगर मुसाफिरों को जब यही भरोसा न हो कि वे जिस गाड़ी में बैठे हैं, वह सही-सलामत अपने गंतव्य तक पहुंच जाएगी, तो रेलवे के लिए इससे बड़ी विफलता क्या हो सकती है। इस सबकी जिम्मेदारी लेने के लिए कोई तैयार नहीं है। विचित्र है कि तेज रफ्तार ट्रेनें चला कर दुनिया से होड़ करने का दम भरा जाता है, मगर मौजूदा गाड़ियों की सुरक्षा का कोई व्यावहारिक उपाय तलाशने की कोशिश नहीं होती।

# सेंसेक्स 378 अंक उछला, निवेशकों की एक दिन में 2.18 लाख करोड़ बढ़ गई संपत्ति

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार आज 20 अगस्त को मजूबत बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 378 अंकों का उछाल आया। वहीं निफ्टी भी 24,700 के पार पहुंच गया। इस तेजी के चलते निवेशकों की आज दिन भर में करीब 2.18 लाख करोड़ रुपये की कमाई हुई। ग्लोबल मार्केट से मिले पॉजिटिव संकेतों से मार्केट सेंटीमेंट बेहतर हुआ। हालांकि, आखिरी घंटे में हुई बिकवाली ने इंट्राडे की बढ़त को कुछ हद तक खत्म कर दिया। बीएसई के मिडकैप और स्मॉलकैप इंडेक्स क्रमशः 0.98 फीसदी और 0.52 फीसदी बढ़त के साथ बंद हुए। ऋद्दउऋ को छोड़कर बीएसई के सभी सेक्टोरल इंडेक्स भी हरे निशान में बंद हुए।

कारोबार के अंत में, बीएसई सेंसेक्स 378.18 अंक या 0.47 फीसदी की तेजी के साथ 80,802.86 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं एनएसई का 50 शेयरों वाला इंडेक्स, निफ्टी 126.20 अंक या 0.51 फीसदी की बढ़त के साथ 24,698.85 के स्तर पर बंद हुआ।



बीएसई सेंसेक्स के आज 30 में से 24 शेयर तेजी के साथ बंद हुए। इसमें भी बजाज फिनसर्व के शेयरों में 3.25 फीसदी की सबसे अधिक तेजी रही। इसके बाद इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, बजाज फाइनेंस और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर 1.42 फीसदी से लेकर 2.29 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुए। वहीं सेंसेक्स के बाकी 6 शेयर आज गिरावट के साथ बंद हुए। इसमें भारती एयरटेल का शेयर 1.30 फीसदी की गिरावट के साथ टॉप लूजर्स रहा। वहीं आईटीसी , अदाणी पोर्ट्स , जेएसडब्लू स्टील और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में 0.16 फीसदी से 0.48% तक की गिरावट देखी गई।

## 2,394 शेयरों में रही तेजी

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर आज बढ़त के साथ बंद होने वाले शेयरों की संख्या अधिक रही। एक्सचेंज पर कुल 4,036 शेयरों में आज कारोबार देखने को मिला। इसमें से 2,394 शेयर तेजी के साथ बंद हुए। वहीं 1,544 शेयरों में गिरावट देखी गई। जबकि 98 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के सपाट बंद हुए। इसके अलावा 291 शेयरों ने आज कारोबार के दौरान अपना नया 52-वीक हाई छुआ। वहीं 21 शेयरों ने अपने 52-हफ्तों का नया निचला स्तर छुआ।

## निवेशकों ने 2.18 लाख करोड़ कमाए

बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैपिटलाइजेशन आज 19 अगस्त को बढ़कर 456.57 लाख करोड़ रुपये पर आ गया, जो इसके पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार 19 अगस्त को 454.39 लाख करोड़ रुपये पर था। इस तरह इरए में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 2.18 लाख करोड़ रुपये बढ़ा है। या दूसरे शब्दों में कहें तो निवेशकों की संपत्ति में करीब 2.18 लाख करोड़ रुपये का इजाफा हुआ है।

# तीन दिनों में सोने की कीमत में आई 1400 रुपये की तेजी, चांदी में भी बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** सोने की कीमत में मंगलवार 20 अगस्त को मामूली गिरावट देखने को मिली है। सोने की कीमत मंगलवार को 71 रुपये नीचे आ गई है। एमसीएक्स पर सोने की कीमत 71,513 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुली, जो कि 0.1% या 71 रुपये की गिरावट है। वहीं चांदी की कीमत 88 रुपये की बढ़त के साथ 84,426 रुपये प्रति किलोग्राम पर है। भारत में आज सोने की कीमतः 20 अगस्त को भारत में सोने की कीमत 72,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब रही। उच्चतम शुद्धता वाले 24 कैरेट सोने की कीमत 72,760 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। आभूषण खरीदने वालों के लिए, 22 कैरेट सोना, जो कि थोड़े मिश्र धातु मिश्रण के कारण अपनी अतिरिक्त मजबूती के लिए जाना जाता है, की कीमत 66,690 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। इसके विपरीत चांदी की कीमत 85,800 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

भारत में सोने का खुदरा मूल्य, जो उपभोक्ताओं के लिए प्रति इकाई वजन की अंतिम लागत को दशार्ता है, उसके आंतरिक मूल्य के अलावा कई कारकों से निर्धारित होता है। कमजोर हाजिर मांग के बीच सटोरियों ने अपने सौदों के आकार को घटाया जिससे वायदा कारोबार में मंगलवार को सोने की कीमत एक रुपये की गिरावट के साथ 71,583 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गयी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में अक्टूबर माह में आपूर्ति वाले अनुबंध का भाव एक रुपये की गिरावट के साथ 71,583 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

# जीएसटी संयोजन योजना में उच्च जोखिम वाले करदाताओं की पहचान करे वित्त मंत्रालय: कैग

**नयी दिल्ली ।** नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) ने वित्त मंत्रालय से जीएसटी संयोजन योजना में उच्च जोखिम वाले करदाताओं की समय-समय पर पहचान करने और कर चोरी रोकने के लिए तीसरे पक्ष सहित अन्य स्रोतों से उनकी बिक्री के घोषित मूल्य का सत्यापन करने को कहा है। सीएजी ने वित्त वर्ष 2019-20 से 2021-22 के बीच केंद्रीय क्षेत्राधिकार के तहत 8.66 लाख कंपोजिशन करदाताओं का विश्लेषण किया है। इसके आधार पर सीएजी ने पाया कि बड़ी संख्या में जीएसटी करदाताओं के कंपोजिशन लेवी स्कीम (सीएलएस) के लिए कारोबार सीमा पार करने का उच्च जोखिम है।

इन उच्च जोखिम वाले करदाताओं की पहचान जीएसटी रिटर्न जैसे जीएसटीआर-4ए, जीएसटीआर-7 में निहित डेटा के साथ-साथ तीसरे पक्ष के डेटा स्रोतों जैसे आईटी रिटर्न, वाहन डेटाबेस आदि से ऑडिट द्वारा की गई थी। जीएसटी कंपोजिशन स्कीम उन करदाताओं के लिए उपलब्ध है जिनका कुल कारोबार पिछले वित्त वर्ष में 1.5 करोड़ रुपये से अधिक नहीं रहा है। विशेष श्रेणी वाले राज्यों के करदाताओं के लिए यह सीमा 75 लाख रुपये है। सीएजी ने कहा कि सीएलएस करदाताओं के संबंध में दो प्रमुख जोखिम क्षेत्र- योजना में बने रहने के लिए करदाताओं द्वारा बाह्य आपूर्ति के मूल्य की कम घोषणा करना तथा सीएलएस का लाभ उठाने के लिए पात्रता शर्तों को पूरा न करना है।



लेखापरीक्षा (ऑडिट) में पाया गया कि कुछ सीएलएस करदाता ऐसे थे, जो अधिनियम और नियमों में निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करने के बावजूद योजना में बने हुए थे, और बड़ी संख्या में सीएलएस करदाता रिटर्न दाखिल करने और रिवर्स चार्ज के तहत कर का भुगतान करने की अपनी अनिवार्य जिम्मेदारियों का निर्वाहन नहीं कर रहे थे।

हाल ही में संसद में पेश रिपोर्ट में सीएजी ने कहा, मंत्रालय को जोखिम-आधारित दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए समय-समय पर सीएलएस में उच्च जोखिम वाले करदाताओं की पहचान करनी चाहिए तथा अयोग्य व्यक्तियों द्वारा दुरुपयोग की संभावना को कम करने के लिए तीसरे पक्ष सहित अन्य स्रोतों से उनकी घोषित बाहरी आपूर्ति के मूल्य का सत्यापन करना चाहिए। सीएजी ने यह भी सुझाव दिया कि वित्त मंत्रालय अयोग्य करदाताओं की पहचान करने की एक प्रणाली विकसित कर सकता है तथा योजना के इच्छित लाभों के दुरुपयोग को रोकने के लिए उन्हें सीएलएस से बाहर करने के लिए कार्रवाई कर सकता है।

## SPECIAL WISHES
दैनिक करंट क्राइम



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बसपा जिला प्रभारी रवि जाटव ने अपनी जीवन संगनी मीनू को उनके हैप्पी बर्थ-डे पर स्पेशल फील कराया। लाईफ पार्टनर के जन्मदिन पर उनकी अच्छी हेल्थ, बहुत सारी वैल्थ और ऑल इज वैल की स्पेशल कामना की। रवि जाटव ने मीनू जाटव को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।



## राशिफल

**मेष :** कार्यक्षेत्र में अचानक विकास होगा और ये बदलाव आपके पक्ष में होंगे। आपका संचार कौशल मजबूत होगा और आप लोगों को आसानी से प्रभावित करने में सक्षम होंगे।

**वृष :** आज आप अपनी योजनाओं से लोगों को सहमत करेंगे। आज आपको सभी का पूरा सहयोग मिलेगा। ऑफिस में सीनियर्स आपके काम को देखकर खुश होंगे।

**मिथुन :** परिवार और संतान के मामले में आनंद और संतुष्टि का अनुभव होगा। धन के निवेश के लिए समय अनुकूल है। परिवार में संतान और जीवनसाथी से लाभ होगा।

**कर्क :** आज खर्च की अधिकता रहेगी लेकिन आय सीमित रहेगी। विपरीत परिस्थितियों को अपने पक्ष में करने के लिए अपनी अद्भुत क्षमता का उपयोग करें।

**सिंह :** आज आपको अपने मन को शांत रखना चाहिए। शांत मन से आपके काम आसानी से पूरे हो जाएंगे। पैसों से जुड़े बड़े फैसले सोच-समझकर लें।

**कन्या :** राजनीतिक क्षेत्र में आपको सफलता मिलेगी. पारिवारिक जिम्मेदारी में वृद्धि होगी, जिससे आपको मानसिक तनाव हो सकता है।

**तुला :** आर्थिक रूप से संपन्न रहेंगे। मान-सम्मान मिलेगा और यश में वृद्धि होगी। आपकी मेहनत रंग लाएगी। जीवनसाथी के साथ सुखद समय बीतेगा।

**वृश्चिक :** आप अपने खर्चों पर नियंत्रण रखने की कोशिश करेंगे। छात्रों को शिक्षकों का सहयोग मिलेगा। आने वाले समय में आपकी महत्वाकांक्षाएं बढ़ सकती हैं।

**धनु :** जीवन साथी किसी खूबसूरत सरप्राइज के साथ आपका दिन बना सकता है। किसी प्रकार की विपरीत घटना हो सकती है। आपके विनम्र स्वभाव की सराहना की जाएगी।

**मकर :** व्यापार के मोर्चे पर मेहनत करने की जरूरत है। वरिष्ठों को खुश करना मुश्किल हो सकता है। इस अवधि में कड़ी मेहनत और विनम्रता सफलता की कुंजी है।

**कुंभ :** आज संतान आपको कोई शुभ समाचार देगी, जिससे परिवार के सभी सदस्य प्रसन्न होंगे. सेहत के मामले में आप खुद को स्वस्थ महसूस करेंगे।

**मीन :** किसी खास काम में आपका समय और पैसा खर्च हो सकता है. यदि आप किसी विवाद में फंस जाते हैं तो कठोर टिप्पणी करने से बचें।

## चुटकुले

लड़की बॉयफ्रेंड से- हेलो क्या कर रहे हो...
लड़का- क्या तुम्हारा रिचार्ज खत्म होने वाला है...
लड़की- तुमको क्या लगता है, क्या मैं तुमको सिर्फ रिचार्ज के लिए ही फोन करती हूं...
लड़का- तो?
लड़की- अच्छा सुनों न...कल मैं मॉल में 5000 हजार की ड्रेस देखी थी...दिलवा दो न
लड़का बेहोश...

पप्पू की गर्लफ्रेंड- मैं अपना पर्स घर पर भूल गई...
मुझे 2000 की जरुरत है...
पप्पू- कर दी न छोटी बात...
तू भी क्या याद करेगी...ले पचास का नोट और घर जाकर पर्स ले आ...

टीचर- चिंटू बताओं तुम्हारे पास 15 सेब हैं...
उसमें से तुमने 6 सेब संध्या को दे दिए...
4 सेब कोमल को दे दिए...और 5 सेब आंचल को दे दिए...
तो तुम्हें क्या मिलेगा...
चिंटू- मैं मुझे तीन नई गर्लफ्रेंड मिलेंगी।
दे थप्पड़...दे थप्पड़....दे थप्पड़

## रोचक तथ्यों का करंट

- क्या आप जानते हैं? यदि आप एक कटा हुआ अंगूर माइक्रोवेव में गर्म करते हैं, तो यह सुपर-हॉट प्लाज्मा में बदल कर आग के गोले की तरह विस्फोट कर सकता है।
- शायद आप यह नहीं जानते की, दुनिया के पसंदीदा फलों के शीर्ष दस में अंगूर, टमाटर, आम और केले के साथ गिना जाता है।
- अंगूर की बेल लगभग 15 मीटर (50 फीट) की लंबाई तक पहुंच सकती है। एक बेल आमतौर पर अंगूर के 40 गुच्छे पैदा करती है।
- यदि वनस्पति रूप से बात करे तो, यह फल जामुन के समूह से संबंधित है। एक क्लस्टर यानि गुच्छे में औसतन 75 जामुन शामिल होते हैं। गोल हो सकते है, अंडे का आकार में या लम्बे हो सकते है। अधिकांश प्रकार के अंगूरों की बेरीज में बीज होते हैं। बीजरहित अंगूरों को किशमिश बनाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है!
- वाइन की बोतलों पर साल का वर्ष तबसे माना जाता है, जबसे अंगूर को चुना गया था, न कि तब जब वाइन को बोतलबंद किया गया था।
- अंगूर फ्रूट का उत्पादन दुनिया भर में बहुत बड़ा, अच्छी तरह से विकसित और लोकप्रिय व्यापार है। इस ग्रह पर लगभग 25 मिलियन एकड़ भूमि अंगूर के बाग के साथ कवर किया गया है।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# रक्षाबंधन की खुशियों को पाठकों ने साझा किया करंट क्राइम परिवार के साथ




अनुष्का और कृष्णा

अमन अग्रवाल

भाई यश बहन आयुषी

हितैश सूर्यवंशी

प्रवेश जैन और चारू

हर्ष चौहान और भाविनी

वगिश शर्मा, अल्का शर्मा, साधना शर्मा

यूवी और सात्विक

गौरव गुप्ता सुशांत गुप्ता

आकाश प्रधान

तरूण और ज्योती

उद्यान अग्रवाल, सोनिया अग्रवाल

योगेश, प्रवेश और विजया लक्ष्मी

मोहित राणा

विनय वर्मा लक्ष्मी वर्मा

उमा और कौशल

जोया और इमरान

वन्या चिराग ध्रुव

अनुभव चौधरी

स्वाति चंदेल विक्रांत चौधरी कंगना चंदेल स्नेहा चंदेल

मनोज, इंदू

मुकेश, गुड्डी, किरन देवी

मृदुल शैलजा शानवी संदीप

मिष्ठी युवराज

निशांत कौशिक

ओम शर्मा, मोनिका

सुमन मौर्या, ब्रिजू

शिव कुमार

विकास हिंदू, मोनिका

रवीन्द्र अपने परिवार के साथ

प्रज्ञा चमोला तुषार चमोला

तेजस, मोनिका

सीमा, गुड्डो, माही नगर, मेगा




## रक्षाबंधन पर महिलाओं को मुख्यमंत्री का तोहफा

# बहनों ने की निःशुल्क यात्रा, निगम टीम ने भी निभाई भूमिका

**इलेक्ट्रॉनिक बसों में रक्षाबंधन पर बहनों ने सुखद यात्रा का किया अनुभव - नगर आयुक्त**











**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद मे भी रक्षाबंधन त्यौहार के अवसर पर बहनों के लिए यात्रा निशुल्क रही है। इसी क्रम में नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया कि गाजियाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट की ई बसों में भी बहनों के लिए यात्रा सुखद रही जिसमें वातानुकूलित बसों में निशुल्क यात्रा की गई है। महिलाओं को यह उपहार रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया है जो पूर्ण रूप से सफल रहा है। गाजियाबाद नगर निगम की टीम भी इलेक्ट्रिक बसों में व्यवस्था में बनी रही माता बहनों बेटियों द्वारा यात्रा की गई तथा व्यवस्था की प्रशंसा भी की गई।

मुख्यमंत्री के आदेशानुसार रक्षाबंधन के त्योहार पर माता बहनों बेटियों के लिए निशुल्क बस सेवा का उपहार दिया गया है, जिसका लुत्फ गाजियाबाद में भी उठाया गया है। सराहनीय उपहार की बहनों ने प्रशंसा की तथा समय से अपने स्थान पर पहुंचकर रक्षाबंधन त्यौहार मनाया, तथा अन्य परिवार जनों के साथ महिलाओं द्वारा यात्रा की गई गाजियाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट के माध्यम से पूरी व्यवस्था बनाई गई जिसमें इलेक्ट्रिक बसों का भी विशेष महत्व रहा।

गाजियाबाद नगर निगम की टीम भी व्यवस्था में जुटी रही जिसमें एसबीएम टीम द्वारा बसों के अंदर जाकर यात्रियों को स्वच्छ त्यौहार मनाने के लिए भी जागरूक किया गया। साथ यह भी सुनिश्चित किया कि महिलाओं को निशुल्क की यात्रा की जा रही है। इस प्रकार रक्षाबंधन पर मुख्यमंत्री द्वारा उत्तर प्रदेश में बहनों के लिए निशुल्क यात्रा का उपहार दिया गया जो कि गाजियाबाद में भी सफल रहा, व्यवस्था में गाजियाबाद सिटी ट्रांसपोर्ट की टीम व नगर निगम की टीम बनी रही।

# स्व. राजीव गांधी की जयंती पर गाजियाबाद महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय चौधरी के नेतृत्व में दी गई श्रद्धांजलि



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** महानगर कांग्रेस कार्यालय कम्पनी बाग घंटाघर पर गाज़ियाबाद महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय चौधरी के नेतृत्व में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी की जयंती पर सभी वरिष्ठ कांग्रेसजनों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देकर सादर नमन किया।

स्व.राजीव गांधी को पुष्प अर्पित, श्रद्धांजलि देने वालों में महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी, पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेन्द्र भारद्वाज,पूर्व मंत्री सतीश शर्मा, शिक्षा प्रकोष्ठ प्रदेश चेयरमैन जे.के.गौड़, वरिष्ठ कांग्रेसी बाबू राम शर्मा, महानगर संगठन प्रभारी त्रिलोक सिंह, प्रदेश सचिव सेवादल प्रेम प्रकाश चीनी, पूर्व अध्यक्ष छात्र संगठन नरेंद्र चौहान, पूर्व प्रदेश सचिव नसीम खान, ओबीसी जिला अध्यक्ष जिला विजय पाल चौधरी, अल्पसंख्यक महानगर अध्यक्ष वली हसन, पूर्व पार्षदवीर सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी इस्माइल खान, कासिम प्रधान, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री, सीमा शर्मा, लक्ष्मी वर्मा, लज्जा यादव, वरिष्ठ कांग्रेसी ऋषि पाल धीगान, बलराज चावडा, विनीत अजमानी,अनुज चोधरी,पवन शर्मा, ब्रह्मपाल सिंह, रियाज अहमद, शादाब, वरिष्ठ नेता रामफल शाक्य, हरीश गोयल, फहीम खान, दानिश सैफी, मुकेश कुमार, सिराजूदीन सहित अनेक कांग्रेसी उपस्थित थे।

# गाजियाबाद में मंदिर के दानपात्र उखाड़ने वाला गैंग एक्टिव



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में चोरों के हौसले बुलंद हैं। इतने बुलंद कि भगवान के घर माने जाने वाले मंदिरों को भी निशाना बनाते उनके हाथ नहीं कांपते। हाल यह है कि पिछले 10 दिन में राजनगर एक्सटेंशन की अलग-अलग सोसायटी के मंदिर से दान पात्र चोरी कर लिए गए। मामले में नंदग्राम थाना पुलिस को तहरीर दी गई, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। फेडरेशन ऑफ राजनगर एक्सटेंशन एओए ने मामले में पुलिस पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

**पुलिस गंभीर होती तो इतनी वारदात न होती**

बता दें कि 29 जुलाई की रात मुरादनगर के एक शिवमंदिर से दान पात्र से पैसा चुराने का वीडियो वायरल हुआ था। उस मामले में पुलिस ने धौलाना के रहने वाले रोहित सिंह को गिरफ्तार किया था, लेकिन उसके बाद भी दान पात्रों से चोरी की घटनाएं नहीं रूकीं। राजनगर एक्सटेशन भी मुरादनगर थानाक्षेत्र से लगा इलाका है। माना जा रहा है कि इस क्षेत्र में दान पात्र को निशाना बनाने वाला गिरोह सक्रिय है। फेडरेशन का आरोप है कि पुलिस यदि मामले को गंभीरता से लेती तो दान पात्रों से चोरी की इतनी वारदातें न होतीं।

**फेडरेशन ने दी आंदोलन की चेतावनी**

फेडरेशन ऑफ राजनगर एक्सटेंशन एओए का कहना है कि बदमाश शीघ्र नहीं पकड़े गए तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। फेडरेशन मीडिया प्रभारी दीपांशु मित्तल ने बताया कि 10 दिन में चार सोसायटी में घुसकर चोर दानपात्र से नकदी निकालकर ले गए हैं। चारों वारदातें एक जैसी ही हैं। चारों मामलों में चोर नकदी निकालने के बाद दान पात्र को फेंक गए। लगातार हो रही वारदातों से स्थानीय लोगों में रोष है।

# अवैध निर्माण पर सतत निगरानी के लिए प्रवर्तन जोन-4 का किया निरीक्षण

**निर्देशित किया गया कि बिना मानचित्र स्वीकृति के कोई कार्य न कराया जाये**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उपाध्यक्ष महोदय के निर्देशानुसार उ0प्र0 नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम-1973 के अन्तर्गत अवैध निर्माण पर सतत निगरानी हेतु प्रवर्तन जोन-4 के प्रभारी प्रदीप कुमार सिंह, अपर सचिव द्वारा मंगलवार को जोन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खसरा संख्या-687मि व 687/1, ग्राम-हरसांव, निकट-शास्त्रीनगर, गाजि0 पर नितिन कुमार शर्मा एवं रवि कुमार शर्मा द्वारा बिना मानचित्र स्वीकृत कराये लगभग 250.00 वर्ग मी0 में भूतल पर कॉलम खड़े किये जाने पर वाद संख्या-002811/अ0नि0/24 योजित कर दिनांक 24 अप्रैल 2024 को सीलिंग की कार्यवाही की गयी थी, परन्तु निर्माणकर्ता द्वारा हठधर्मिता अपनाते हुए सील परिसर में पुनः किये जा रहे अवैध निर्माण को प्रवर्तन जोन-4 की टीम, पुलिस बल की उपस्थिति में पुनः विधिवत सीलिंग की कार्यवाही की गयी। निर्देशित किया गया कि बिना मानचित्र स्वीकृति के कोई कार्य न कराया जाये तथा जोन से सम्बन्धित सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता तथा सुपरवाइजर सतत निगरानी रखते हुए यह सुनिश्चित किया जाये कि उक्त अवैध निर्माण पुनः प्रारम्भ न होने पाये। प्राधिकरण द्वारा लगातार अवैध निर्माण/विकास कार्य के विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाहियां जारी रहेंगी। तत्क्रम में निर्माणकर्ताओं/विकासकर्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि गाजियाबाद.विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत भूमि पर विधिवत मानचित्र स्वीकृत के अनुसार ही निर्माण किया जाये। इसके साथ ही आम जनमानस को भी सूचित किया जाता है कि किसी भी वादग्रस्त/विवादित निर्माण में सम्पत्ति का क्रय-विक्रय न करें।




# क्या खत्म हो गई रीयल वाली गश्त

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद बने हुए लंबा समय हो चुका है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अब पहले की तरह रीयल वाली गश्त का सीन नजर नहीं आता है। अब ऐसा क्यों हो रहा है और क्यों नहीं यह तो जोन वाले साहब लोग ही बता सकते हैं या उनसे ऊपर वाले अधिकारी। कुल मिलाकर जुलाई के महीने में जब नए वाले सिटी के साहब आए तो तय किया गया था कि दोपहर 2 से 5 अलग-अलग थानाक्षेत्रों के प्रमुख हॉटस्पॉट पर चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। पैदल गश्त होगी लेकिन सावन की ड्यूटी और फिर कांवड़ वाली यात्रा के बाद सुरक्षा और रक्षाबंधन के बीच यह सब प्लान खत्म सा हो गया है। वहीं देहात वाले सहाब भी अभी तक पैदल गश्त वाले मोड में नहीं देखे गए हैं। भले उन्होंने चार्ज लेने के बाद थोड़ी तेजी दिखाई पर अब शांत ही नजर आ रहे हैं। उधर बीच-बीच में ट्रांस हिंडन वाले साहब नजर आ जाते हैं पर कमिश्नरेट का जो रियल गश्त वाला प्लान और प्रोग्राम चलना था अब ऐसा सुनने और देखने को नहीं मिलता है। सूत्रों का कहना है कि एक समय था जब पुलिस की सोशल मीडिया सेल पर अधिकारियों से लेकर क्षेत्र के अधिकारियों तक की फोटो गश्त के साथ भेजी जाती थीं। पर अब ऐसा सब बंद हो चुका है। इसके दो ही संकेत है या तो गश्त वाला माहौल खत्म हो गया है या अधिकारी वर्कलोड के शिकार हो चुके हैं। उधर कहने वाले तो यहां तक कहते हैं कि गश्त खत्म होने का खामियाजा सिर्फ और सिर्फ पुलिस को ही उठाना पड़ रहा है। शरारती तत्व ज्यादा एक्टिव हो गए हैं, जिसका नुकसान भी सीधे तौर पर पुलिस को ही उठाना पड़ता है। कुल मिलाकर जोन और सर्किल कोई भी साहब हो पर रियल गश्त वाली ना पुलिसिंग नजर आती है और ना कोई संदेश दिया जा रहा है। कभी जिस आरडीसी वाले इलाके से वीवीआईपी वाला संदेश दिया जाता हो और जहां पर खुद एडीजी स्तर के अधिकारी चेकिंग और गश्त अभियान में नजर आते थे अब वहां का नजारा भी बिल्कुल बदला हुआ रहता है। वहीं ट्रैफिक सिस्टम को लेकर भी मौजूद सीन ठीक नहीं चल रहा है। आरडीसी वाले इलाके में भी लोगों को जाम में जूझना पड़ना सिस्टम पर सवाल उठाने वाला है। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम गाजियाबाद में देखना होगा आने वाले दिनों में कमिश्नरेट की दशा और दिशा सुधरती है या सब ओल्ड पैटर्न पर ही चलता रहेगा।



## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद करंट क्राइम। ये आस्था श्रद्धा भक्ति और उपासना का संदेश है। युवा नेता नितिन मावी के जीवन में अध्यात्म योग मेडिटेशन श्रद्धा भक्ति का सर्वाधिक महत्त्व है। देवों के देव महादेव पर उनकी अगाध श्रद्धा आस्था है। सावन माह में हर हर महादेव के साथ नितिन मावी ने इस पल को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।







- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** ककक...... करन दिल में नहीं रखते हैं कोई बात? बात जब भगवा कमांडर के पक्ष की हो, तो फिर वो किसी को भी रखने नहीं देते हैं हाथ? सुना है उन्होंने किया है अब ये ऐलान? कहा है अगर विधानसभा उपचुनाव में कमांडर की जगह किसी और को मौका मिला? तो फिर राहें नहीं रहेंगी आसान? हम नहीं ले सकते हैं इस चुनाव में कोई भी रिस्क? ये आमने सामने की लड़ाई है, कुछ भी नहीं है यहां पर फिक्स?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** मैं बैठा था सांसद जी के करीब? इस मौके पर सांसद जी के करीबी भी बैठे थे उनके नजदीक? नजदीकी लोग जानना चाह रहे थे उनसे सिर्फ ये बात? पूछ रहे थे कि विधानसभा उपचुनाव को लेकर आपका सॉफ्ट कॉर्नर है किसके साथ? सांसद जी ने यहां पर बात साफ और सीधी कर दी स्पष्ट? कहा मैं यहां पर बिल्कुल तठस्थ हूं? पार्टी किसी को भी दे दे टिकट, मुझे नहीं होगा कोई कष्ट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** एलआईयू में हो रही है इस वक्त भगवागढ़ के तीन विधानसभा दावेदारों की चर्चा? चर्चा यही है कि इन तीन चेहरों में से ही भरेगा कोई पर्चा? खूफिया वालों की चर्चा में है भगवा कमांडर, मयंक भैया का नाम? तीसरा नाम किसी डॉक्टर का है? जिसको लेकर भी है सीरियस पैगाम? खूफिया वालों की चर्चाओं में अगर ये नाम है शामिल? समझ लो भविष्य में कहां होगा और किसके पक्ष में होगा पार्टी का आदेश तामिल?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जिस कमांडर की बिरादरी वाले शख्स ने डाली है संगठन के यारों को टारगेट करते हुए फेसबुक पर पोस्ट? उस पोस्ट को संगठन के ही कुछ चेहरों ने किया है अपने अंदाज में होस्ट? उन्होंने इस दिल-जली पोस्ट पर दिया है यही संदेश? कहा है कि उनका नहीं हुआ था पार्षद वाला टिकट? शायद अब दर्द बनकर बाहर आया है उनका ये संदेश? कोई बात नहीं, हमें फिर भी अच्छा लगता है इनका फेस?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** उन्होंने कुछ शब्दों में जो बात कही? उससे लाईन पार की पोलिटिकल अनदेखी वाली स्थितियां हो गई स्पष्ट? उन्होंने कहा लाईन पार हमेशा कटा हुआ रहा? मुख्य राजनीति से छटा हुआ रहा? इसलिए यहां का कोई भी शख्स नहीं बन पाया एमएलसी, मेयर और विधायक? परिस्थितियां नहीं रहीं कभी यहां के चेहरें को जनप्रतिनिधि बनाने लायक? लेकिन अब तो आरओबी से लेकर हाई-वे तक करते हैं हमारे क्षेत्र को कनैक्ट? इसलिए पार्टी को करना चाहिए इस बार यहां के चेहरे को लेकर रिएक्ट?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** अपने ही गिराते हैं नशे मन पर बिजलियां? ये बात मैं आपको बता रहा हूं आज? जो डाली थी भगवा पहलवान ने फेसबुक पर पोस्ट? उस पोस्ट का इनके ही खास लोगों ने बांटा था प्रसाद? इन्होंने ही दिए थे विरोधियों को भेद? चेक करनी होगी अब दोनों दोस्तों को वो थालियां, जिनमें हो चुके हैं अब बहुत सारे छेद?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जीत तो जाते क्रान्तिकारी भाई साहब बड़े वाले खाकी वालों से जंग? मगर सबकुछ वैसा नहीं हुआ ओ संग दिल सनम? स्टोरी में आ गया जातिगत रंग? बस इस रंग का ना पड़े सिस्टम पर असर? इसलिए नहीं पूरी होने दी गई उनकी कसर? अब तो ये मामला आउटडेटिड हो चुका है? अब नहीं बचा है इसमें पहले जितना असर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** वो ना जाएं भानू भैया की मुस्कुराहट पर? हमें पता है ठाकुर साहब के दिल में लगी हुई है आग? वो हो चुके हैं मंझे हूए राजनीति खिलाड़ी? वो जल्दी से लबों पर नहीं लाते हैं बात? हमें पता है उन्होंने अपने दर्द-ए-दिल के अरमान किए हैं कई लोगों से शेयर? ये वही लोग हैं जो खुद को पहलवान और पहलवान के दोस्त का खुद को काफी करीबी बताते हैं? कहते हैं हमारे जैसे समर्थक होते हैं रेयर?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** हम आपको एक बात बताना चाहते हैं यार? गर्ग साहब चाहकर भी कैसे करेंगे उस दावेदार पर ऐतबार? ये दावेदार रहता है दो नावों में सवार? ये इनकी कोई सोची समझी रणनीति नहीं है? बस इस दावेदार का है कुछ ऐसा ही व्यवहार? राजनीति में इस तरह के व्यवहार करते हैं मामलों को डिस्टर्ब? यहां तो पाने वाला एक तरफा मोहब्बत चाहता है? यहां तो बारिश कितनी ही बरसे? चुनना पड़ता है एक ही छाता है?
- **क्यों कहा कहने वाले ने कि** जब भगवा पहलवान की पोस्ट के बाद कुछ फेसबुक पर हुआ विरोध का सीन? तब यहां पर भगवा कमांडर ने अपनी पोस्ट से क्लीयर किया सारा सीन? इस पोस्ट के आने के बाद मामला हुआ शांत? मगर फिर भी कुछ ऐसे चेहरे थे जो मामले को कर रहे थे अशांत? हमने देखा यहां पर भाजपा कार्यकर्ता अजय चौधरी निभा रहे थे बहुत ही समझदारी वाला किरदार? इस तरह की पोस्ट पर वो लगातार कमांडर की पोस्ट की प्रतिक्रिया दे रहे थे? कह रहे थे जब मामला स्पष्ट हो चुका है तो फिर क्यों बेमतलब की तूल दे रहे हो यार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**